दिनांक : 12.12.2025 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी ।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे; उन्होंने भोपाल में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में तीन दिवसीय 'मध्यप्रदेश उत्सव' का वर्चुअली शुभारंभ किया।
- उत्तरी हवाओं और के चलते प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी ; इंदौर समेत पाँच जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी।

**मंत्रिमंडल-जनगणना**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री-पाटिल निधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।राष्टप्रति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अपने लम्बे सार्वजनिक जीवन के दौरान श्री पाटिल लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और सांसद जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहे। विभिन्न भूमिकाओं में उनकी सेवाएं हमेशा याद रखी जाएंगी।

**थाईलैंड - लूथरा ब्रदर्स**

बैंकॉक में भारतीय दूतावास गोवा नाइट क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा से संबंधित मामले में थाईलैंड के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। इस नाइट क्लब में पिछले सप्ताह आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के अधिकारियों ने दोनों को **फुकेत** से हिरासत में लिया।

**मुख्यमंत्री कार्यकाल- दो वर्ष**

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में एक पत्रकार वार्ता के जरिए जनता के सामने अपनी सरकार का दो वर्षों का लेखा-जोखा पेश किया, जिसमें उन्होंने सरकार की उपलब्धियों, प्रमुख परियोजनाओं और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी साझा की। श्री यादव ने कहा 'लाल सलाम' के खात्मे के लिए हमारे बहादुर पुलिस अधिकारियों ने जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अद्भुत है।

वहीं, कल 13 दिसंबर से प्रभारी मंत्रीगण अपने-अपने संभागीय और जिला मुख्यालयों में जिला विकास सलाहकार समितियों के साथ बैठक कर मीडिया को संबोधित करेंगे।

**मुख्यमंत्री-'मध्यप्रदेश उत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में तीन दिवसीय 'मध्यप्रदेश उत्सव' का भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, और उन्होंने सभी को 'देश के दिल मध्यप्रदेश' में आकर प्राकृतिक सौंदर्य, टाइगर रिजर्व सफारी, महाकाल लोक दर्शन, ओरछा, मांडू तथा स्वच्छतम शहर इंदौर के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के लिए दिल खोलकर आमंत्रित किया।

**राज्यसभा- किसान सम्मान निधि**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्यसभा में जानकारी दी कि असम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ सभी पात्र किसानों को मिल रहा है, और बाढ़ या प्राकृतिक आपदा से पीड़ित किसानों को SDRF (राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष) के अंतर्गत राज्य सरकार के आकलन के आधार पर राहत राशि दी जा रही है।

**राज्यपाल- जनजातीय प्रकोष्ठ**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज लोक भवन में जनजातीय प्रकोष्ठ की पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा वितरित की जाने वाली दवा की मात्रा रूट चार्ट के अनुसार हो, ताकि रोगी के पास यूनिट के दोबारा आने तक दवा की उपलब्धता बनी रहे। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि जनमन योजना के तहत हितग्राहियों को मिले प्रधानमंत्री आवासों में विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए ।

**शिक्षा - भारतीय भाषा उत्सव**

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने आज नई दिल्ली में महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन किया। शिक्षा

मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष का विषय- भाषाएँ अनेक, भाव एक है। इस अवसर पर विभाग के सचिव संजय कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई भाषाओं को अपनाने, अपनी शब्दावली को समृद्ध करने और स्पष्टता तथा सटीकता के साथ संवाद करने के लिए प्रेरित किया।

**धर्म महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज झाबुआ के ग्राम समोई में आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में भोपाल से वर्चुअली शामिल होते हुए कहा कि झाबुआ-निमाड़ में आनंद बरस रहा है, और उन्होंने घोषणा की कि धार और झाबुआ में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों से संबद्ध स्थानों को 'श्रीकृष्ण पाथेय' में शामिल कर तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा।

**मौसम**

उत्तरी हवाओं और पहाड़ी बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है, जहाँ अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे है और शहडोल का कल्याणपुर 3.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहा; वहीं, इंदौर में रात का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और यह पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को इन्हीं सर्द हवाओं के कारण भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर समेत पाँच जिलों में शीतलहर (कोल्ड वेव) का अलर्ट जारी किया है।

**संक्षिप्त समाचार**

- आगरमालवा कलेक्टर ने कल सुसनेर स्थित आईटीआई मे त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया ।

- मंदसौर जिले के स्लेट पेंसिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 16 दिसंबर को कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में शिविर आयोजित किया जाएगा।
- **शिवपुरी जिले में** संगीत सम्राट तानसेन की स्मृति में 'तानसेन संगीत 2025 समारोह" उत्सव के अवसर पर "पूर्वरंग संगीत समा" का आयोजन कल किया जाएगा।
- शहडोल जिले में कल नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसके लिए 20 खंडपीठ का गठन किया गया है।
- छतरपुर जिला पंचायत सीईओ ने राजनगर जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत डहर्रा, ललपुर, तालगांव एवं नांद का निरीक्षण किया।
- गुना कलेक्ट्रेट सभागार में आज महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- **राजगढ़ में** दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।
- देवास के वृद्धाश्रम परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया गया।शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने सुरक्षा, भोजन, शिक्षा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे बताया।
- छतरपुर और **सीहोर जिले में कल** जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा।
- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में 16 दिसंबर को कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

---------------------------------------